




बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..


# जग प्रेरणा


बालाघाट - 15 अगस्त 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 200 | मूल्य - 5 रुपये
































जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई




# विभाजन विभीषिका दिवस पर बालाघाट में शहीदों की स्मृति में निकाला मौन जुलूस..

## विभाजन की त्रासदी से प्रभावित परिवारों को किया याद..

## तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में शामिल हुए नागरिक एवं विद्यार्थी..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***देश के विभाजन के दौरान अपने प्राण गंवाने वाले लोगों एवं विस्थापन की त्रासदी झेलने वाले परिवारों की स्मृति में शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 को बालाघाट में विभाजन विभीषिका दिवस मनाया गया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत***

प्रातः 8 बजे उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट से शहीदों की स्मृति में मौन जुलूस एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देते हुए विभाजन की पीड़ा को याद किया गया तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौन जुलूस में नगर पालिका बालाघाट अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, एसडीएम गोपाल सोनी, विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी एवं अधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। करीब 500 नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर अनुशासन और मौन के साथ शांति मार्च में सहभागिता की। जुलूस में शामिल लोगों ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों को स्मरण किया। मौन जुलूस उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट से प्रारंभ हुआ। यहां से जुलूस अंबेडकर चौक, जय स्तंभ चौक और काली पुतली चौक होते हुए पुनः उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचा, जहां इसका समापन किया गया। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर मौन एवं शांतिपूर्ण तरीके से शहीदों तथा विभाजन से प्रभावित परिवारों को याद किया। तिरंगा लेकर चल रहे विद्यार्थियों और नागरिकों ने राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

## विभाजन की पीड़ा को याद कर दिया एकता का संदेश

विभाजन विभीषिका दिवस का उद्देश्य वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान लोगों को झेलनी पड़ी पीड़ा, विस्थापन और अपनों को खोने की त्रासदी को याद करना है। कार्यक्रम के दौरान विभाजन से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

साथ ही यह संदेश दिया गया कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में युवाओं और विद्यार्थियों को देश के इतिहास के इस महत्वपूर्ण और पीड़ादायक अध्याय से अवगत कराने तथा शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण रखने का भाव भी दिखाई दिया।

## तिरंगे के साथ गूंजा राष्ट्रप्रेम का संदेश

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित इस मौन जुलूस में तिरंगा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक बनकर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को प्रभावशाली बना दिया।

मौन जुलूस के माध्यम से शहीदों के बलिदान को नमन करने के साथ ही नागरिकों ने राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में हुआ, जहां सभी ने शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।

# खड़गे जी के अपमान से भाजपा का दलित विरोधी चेहरा सामने आया, यह संविधान का अपमान – श्याम पंजवानी

## हल्द्वानी की घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यालय से हनुमान चौक तक निकली मार्च रैली, गांधी प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह कर जताया आक्रोश





जगप्रेरणा बालाघाट।

***उत्तराखंड के हल्द्वानी, नैनीताल में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद कथित रूप से कार्यक्रम स्थल के 'शुद्धिकरण' की घटना के विरोध में शुक्रवार को बालाघाट शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।***

जिला कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौक तक मार्च रैली निकाली। कार्यकर्ताओं ने घटना के विरोध में नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। इसके पश्चात हनुमान चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि देश को आजाद हुए दशकों बीत गए, संविधान लागू हुए 75 वर्ष से अधिक हो चुके हैं, लेकिन यदि आज भी किसी व्यक्ति की जाति के आधार पर उसके जाने के बाद किसी स्थान का ÷शुद्धिकरण÷ किया जाता है, तो यह बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। श्याम पंजवानी ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी का अपमान केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं है, बल्कि यह संविधान की मूल भावना, सामाजिक समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर चोट है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जिस संविधान में हर नागरिक को समान अधिकार और सम्मान दिया, उस भारत में जातिगत भेदभाव और छुआछूत के लिए कोई स्थान नहीं है।

## बोले भीम फुलसुंघे..

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भीम फुलसुंगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जाति, धर्म और भेदभाव की राजनीति के खिलाफहमेशा संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। महात्मा गांधी ने छुआछूत के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया। आज गांधी जी की प्रतिमा के सामने सत्याग्रह कर कांग्रेस ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि सामाजिक अपमान और भेदभाव के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा, ÷देश संविधान से चलेगा, मनुवादी सोच और जातिगत भेदभाव से नहीं। कांग्रेस का संघर्ष हर उस मानसिकता के खिलाफहै, जो किसी इंसान की गरिमा को उसकी जाति से जोड़कर देखती है।

## यह रहे उपस्थित..

इस दौरान भीम फुलसुंगे, कैलाश साहू, श्याम पंजवानी, जावेद अली, श्रीनिवास राव, जीतू बर्वे, शिवम शर्मा, अल्ला रखा, शमीम सिद्धकी, आजम खान, मुकेश माहुले, अनिल सोनी, कारो लिल्हारे, बाबूलाल राणा, रामसिंह भाटिया, छबि राम नागेश्वर, अमर बिसेन, साबिर मंसूरी, ऋषभ सहारे, अभय मोदी, अफरोज कुरैशी, गुलाबचंद नगपुरे, जुबैदा अंसारी, सीमा सिंह, धर्मेंद्र बिपचे, प्रवीण मदनकर, चंदा दुआरे, फिरोजखान, संतोष बाहेश्वर, मकसूद खान, केवल सिंग झरिया, रिजवान अली, शोएब खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे और सभी ने सामाजिक समानता, संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया।

# वर्षों से शासन की उपेक्षा से नाराज ग्रामीण पटेलों ने किया अधिकार और मानदेय की लड़ाई का ऐलान, पहुंचेंगे भोपाल..



जगप्रेरणा बालाघाट।

वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे ग्रामीण पटेलों ने अपने अधिकार समाप्त किए जाने और मानदेय सहित अन्य सुविधाओं से वंचित किए जाने पर प्रदेश सरकार के खिलाफनाराजगी जताई है। ग्रामीण पटेल कल्याण संघ के बैनर तले शुक्रवार को नगर के बस स्टैंड स्थित धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा सहित अन्य राज्यों की तर्ज पर मध्यप्रदेश के ग्रामीण पटेलों को भी उनके अधिकार, सम्मान और मानदेय दिए जाने की मांग उठाई गई।

बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत गांवों से पटेलों के अधिकार समाप्त किए गए हैं, जिससे धीरे-धीरे उनका अस्तित्व खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने कहा कि अन्य राज्यों में ग्रामीण पटेलों की भूमिका और जिम्मेदारियां बरकरार हैं तथा उन्हें सरकार की ओर से मानदेय भी दिया जा रहा है, जबकि मध्यप्रदेश में पटेलों को उनके पुराने अधिकारों और सम्मान से वंचित किया जा रहा है।

बैठक में बताया गया कि पूर्व में कमिश्नर द्वारा ग्राम पंचायतों में ग्रामीण पटेलों के नाम की नेमप्लेट लगाने तथा पंचायत की बैठकों में उन्हें स्थान देने के आदेश जारी किए गए थे। इसके बावजूद जिले की अधिकांश पंचायतों में इन आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। बैठक में ग्रामीण पटेलों को राजस्व वसूली का अधिकार दिए जाने, किस्तबंदी का कार्य प्रतिवर्ष पटेलों को सौंपे जाने, रिक्त ग्रामीण पटेल पदों को जल्द भरने, पूर्व में कार्यरत ग्रामीण पटेलों को यथावत रखने तथा भू-राजस्व संहिता की धारा 222 से 229 के तहत अधिकार एवं जिम्मेदारियां पटेलों को दिए जाने की मांग की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत में मनोनीत पंच एवं आमसभा में पटेलों को प्रतिनिधि बनाए जाने, जांच संबंधी कार्य पटेलों की उपस्थिति में किए जाने और ग्रामीण पटेलों को प्रतिवर्ष उचित मानदेय देने की मांग भी उठाई गई।

बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा ग्राम पंचायतों में पटेलों के लिए बैठक व्यवस्था नहीं होने और उन्हें पंचायत की बैठकों तथा आमसभाओं में आमंत्रित नहीं किए जाने का रहा। इसको लेकर पटेलों में भारी आक्रोश दिखाई दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि शासन के आदेश होने के बावजूद पंचायत स्तर पर उनका पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण पटेल कल्याण संघ मध्यप्रदेश के अध्यक्ष मोहनलाल शरणागत और जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार लिल्हारे ने कहा कि शासन के आदेश के बावजूद पटेलों को पंचायतों में उचित स्थान और सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्हें पंचायत की बैठकों और आमसभाओं में नहीं बुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कमिश्नर और शासन द्वारा ग्रामीण पटेलों के लिए पंचायत में बैठने की व्यवस्था करने तथा प्रत्येक बैठक में उन्हें शामिल करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इन आदेशों का पालन जमीनी स्तर पर नहीं हो रहा है। संघ पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि वर्षों से लंबित मांगों को लेकर जल्द ही राजधानी भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी और उन्हें स्मरण पत्र सौंपा जाएगा। साथ ही मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की रणनीति तैयार करने की बात भी कही गई।

बैठक में ग्रामीण पटेल कल्याण संघ मध्यप्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल शरणागत, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार लिल्हारे, कोषाध्यक्ष छुड़ामन सिंह शिवहरे, तहसील अध्यक्ष उदेलाल डहारे, प्रांतीय अध्यक्ष विश्वनाथ नगपुरे, सदस्य दीपचंद रनगिरे, सुरेंद्र सिंह चौहान, मुकेश दशिरिये सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय थागता चैंपियनशिप में बालाघाट के खिलाड़ियों ने जीते 3 रजत और 2 कांस्य पदक




जगप्रेरणा बालाघाट।

***7वीं मध्य प्रदेश थागता स्टेट चैंपियनशिप में बालाघाट जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले की झोली में 3 रजत और 2 कांस्य पदक डाले। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में हर्ष का माहौल है।***

प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 11 अगस्त 2026 तक मध्य प्रदेश थागता एसोसिएशन एवं जिला दतिया थागता एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दतिया में किया गया। प्रतियोगिता में भोपाल, विदिशा, जबलपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, रायसेन, सीहोर, इंदौर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने सहभागिता करते हुए अपने-अपने जिलों का प्रतिनिधित्व किया।

बालाघाट जिले की टीम ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, जिला खेल एवं कल्याण विभाग, जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा तथा बालाघाट थागता मार्शल आर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। टीम का नेतृत्व मुख्य प्रशिक्षक एवं सचिव संतोष पारधी ने किया।

प्रतियोगिता में बालाघाट जिले से शामिल खिलाड़ियों में सुशांक पारधी, मौली कावरे और हर्षित गौतम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-एक रजत पदक हासिल किया। वहीं विकासखंड कटंगी के आकाश ठाकरे तथा लालबर्रा की साक्षी राजाराम दादरे ने एक-एक कांस्य पदक अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया। इसके अलावा रिया उमेश राकेशीय, उमंग दामोदर जंघेले एवं सोहन नागपुरे ने भी प्रतियोगिता में सहभागिता की। टीम के सहायक प्रशिक्षक एवं टीम मैनेजर के रूप में शुभम मानेश्वर ने खिलाड़ियों के साथ रहकर प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

प्रतियोगिता के दौरान 9 अगस्त को दतिया कलेक्टर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि 10 अगस्त को दतिया पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों से जुड़कर अपने-अपने जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। बालाघाट जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला कराटे स्पोर्ट्स प्रशिक्षण एवं एजुकेशन संघ के उपाध्यक्ष रविंद्र भाटिया, सह सचिव चंद्रकांत पीपलेवार, सदस्य राजेंद्र बल्ले, संजू मेश्राम, लव कुमार नागपुरे एवं प्रज्ञात वासनिक सहित जिला खेल एवं कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों योगेंद्र पटले, केदार ठाकरे, अरविंद पटले, धीरज डोंगरे, दीपक अवचट, अनिल सावनकर, साक्षी खैरकर एवं अमरचंद ठाकुर तथा सभी युवा समन्वयकों ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

खिलाड़ियों की इस सफलता को जिले में थागता खेल के बढ़ते प्रभाव और प्रतिभाओं को मिल रहे प्रशिक्षण का परिणाम माना जा रहा है। पदक विजेता खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय प्रशिक्षकों, खेल विभाग एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन को दिया।




## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरें प्राप्त करें।



विज्ञापन संकलन
मो. हासिब खान
जिला सिवनी
संपर्क - मो. 7898530101



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**ठाकुर रजनीश सिंह**
विधायक, विधानसभा क्षेत्र, केवलारी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**अतुल मालू**
महामंत्री, जिला कांग्रेस सिवनी एवं मित्रमंडलम

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**सीताराम ट्रांसपोर्ट**
केवलारी
एवं समस्त स्टाफ, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**राजा बघेल**
प्रदेश कॉंग्रेस महासचिव
एवं समस्त मित्रमंडल, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**मो. सलीम कुरैशी**
सचिव, ग्राम पंचायत पायलीखुर्द, जनपद पंचायत छपारा
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ. रविशंकर नाग**
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**जय अम्बे पैथोकेयर लैब**
खून, पेशाब एवं अन्य सभी जांचे
आधुनिक मशीनों के माध्यम से की जाती है
पता - मालू कॉम्पलैक्स, बारपत्थर, सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**दादा गुरु कंस्ट्रक्शन**
प्रो.प्रा. संजय मालू, सुनील मालू
मालू कॉम्पलेक्स, बारापत्थर, अकबर वार्ड, सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**संदीप साहू**
प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति बंडोल,
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**चंद्रकिशोर सिरामे**
थाना प्रभारी, लखनवाड़ा
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**तारिक खान**
महामंत्री
गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत केकड़ा**
जनपद पंचायत छपारा, जिला सिवनी
प्रीतमलाल सल्लाम : सरपंच, नूर अहमद/ रानू : उपसरपंच, योगेन्द्र
पाठक : सचिव, पूनाराम झारिया : रोजगार सहायक एवं पंचगण

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**श्याम लाईट हाऊस**
केवलारी
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**सतीश तिवारी**
थाना प्रभारी, कोतवाली, सिवनी
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**शफीक खान**
जिला संयोजक/अध्यक्ष, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच एचं पूर्व
जिलाध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**एस.के. राजपूत**
प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति बांकी, मुख्यालय
चंदौरीखुर्द, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**अविनेश गढ़पाल**
अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कामथेन**
**सिक्यूरिटी सर्विसेस इंदौर**
इंदिरा गाँधी, जिला चिकित्सालय, सिवनी
एवं समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**चैनसिंह उईके**
थाना प्रभारी, डूंडासिवनी एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**महेश गौतम**
प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय सिवनी
एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कौमी एकता कमेटी**
संरक्षक — हाजी परवेज अंसारी 'गोल्डी'
अध्यक्ष — असलम बाबा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**विनोद खटीक**
जिला आबकारी अधिकारी एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**लालजी राम मीना**
सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्यविभाग एवं समस्त
स्टाफ, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**आशीष खोब्रागड़े**
थाना प्रभारी, अरी
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यपालन यंत्री**
पी.एच.ई. विभाग एवं समस्त अधिकारी व समस्त
स्टाफ, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**एस.के. धुर्वे**
उप संचालक, कृषि विकास एवं कृषक कल्याण
विभाग, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**गोपाल सिंह**
एसडीओ, लखनादौन उत्तर वन मंडल
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**के.पी. धुर्वे**
थाना प्रभारी लखनादौन
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**अविनाश दीक्षित**
जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त स्टाफ,
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ. नीलेश वर्मा**
त्वचा रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
नवजीवन हेल्थ एवं स्किन केयर क्लीनिक, कटंगी रोड, सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**श्रीमती सोनू तिवारी**
खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य विभाग, सिवनी
एवं समस्त स्टाफ जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**के.के. सोनी**
महाप्रबंधक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, सिवनी


स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**नरेश मरावी**
अध्यक्ष
जिला कॉंग्रेस कमेटी, सिवनी


स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**शिव सनोडिया**
महामंत्री, जिला कॉंग्रेस कमेटी
जिला सिवनी


स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**मोहन चंदेल**
वरिष्ठ इंका नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**नंदन बस सर्विस**
नागपुर, जबलपुर, इंदौर, भोपाल प्रतिदिन सेवा
रिलायंस पेट्रोलपंप, बड़ी ज्यारत सिवनी


स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**हाजी सुहैल पाशा**
पार्षद एवं इंका नेता
पाशा ट्रेवल्स, सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**मो. सुलेमान क़ादरी**
सिविल एण्ड इलेक्ट्रिक कॉन्ट्रेक्टर
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**मनोज जंघेला**
थाना प्रभारी बंडोल
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**खेमेन्द्र जैतवार**
थाना प्रभारी छपारा
जिला सिवनी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

4 शनिवार 15 अगस्त 2026
जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी, लालबर्रा, बैहर, मलाजखंड, परसवाड़ा..
रामपायली, खैरलांजी, तिरोड़ी, महकेपार, उकवा, गढ़ी, बिरसा, कनकी, बेहरई..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# तिरंगा रैली का उद्वेश्य है की हम देश की वास्तविक आजादी को मजबूती के साथ अंतिम छोर तक पहुचाये.. प्रदीप जायसवाल..

## हर घर तिंरगा अभियान के अंतर्गत भाजपा की तिरंगा बाईक रैली मे दिखा जबरदस्त उत्साह, नगर का माहौल हुआ देशभक्ति पूर्ण





**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

भारतीय जनता पार्टी ने आज हर घर तिंरगा अभियान के अंतर्गत आजादी के उत्सव के पूर्व भव्य तिरंगा बाईक रैली निकालकर नगर के माहौल को देशभक्ति से रंग दिया। वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र अंतर्गत निकाली गयी तिरंगा बाईक रैली मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पटले, वरिष्ठ नेता निरंजन बिसेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप शरणागत, चिरौंजी पारधी, रिधनलाल चैहान, मंडल अध्यक्षो मे मिलिंद नगपुरे, संदीप मिश्रा, वेदप्रकाश पटेल सहित पार्षदगण, मंडल पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा व कार्यकर्तागण अधिक संख्या मे उत्साहित नजर आये।

आज भव्य स्वरूप मे निकली तिरंगा बाईक रैली ने भाजपा कार्यालय के बाद गोलीबार चैक, गांधी चैक, सब्जी मार्केट, दिनदयाल चैक, जय स्तंभ चैक से भ्रमण के बाद भाजपा कार्यालय मे समापन किया। रैली के दौरान पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल और भाजपा परिवार ने नगर के आबेंडकर चैक मे डा भीमराव आंबेडकर बाबा साहेब की प्रतिमा और दिनदयाल चैक पर पंडित दिनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्र्यापण किया।

इस अवसर पर मिडिया के सवालो मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की हम सभी ने आजादी की 80 वी वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा बाईक रैली मे बेहद उत्साह से शामिल होने का कार्य किया है। हमारी भावना है की आजादी के प्रतिक तिरंगा को क्षेत्र,समाज और प्रत्येक वर्ग तक पहुचाने की जवाबदारी भी हमारी ही है। देश के महापुरूषो और असंख्य अमर शहीदो के संघर्ष और बलिदान ने देश को आजादी दिलवायी है। आज तिरंगा रैली का उद्वेश्य है की हम देश की वास्तविक आजादी को मजबूती के साथ सभी जगह पहुचाये।

ज्ञात हो की भाजपा कार्यालय वारासिवनी से निकली तिरंगा बाईक रैली ने प्रमुख मार्गो व चैराहो का भ्रमण कर लोगो और युवाओ मे राष्ट्र के प्रति प्रेम और निष्ठा बडाने के साथ साथ सभी को अपने अपने घरो मे तिरंगा फ्हराने के लिये प्रेरित किया है। आज रैली का संचालन जंहा मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे ने किया वही प्रभारी प्रबल जायसवाल ने रैली मे शामिल सभी ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ के साथ पदाधिकारीयो का आभार व्यक्त किया।

रैली मे विशेष रूप से सर्वश्री भानू राहंगडाले, पप्पू हरिनखेडे, जानाजी गौतम, समीर बिसेन, सोनू जैन, सचिन बिसेन, प्रहलाद पंचेश्वर, जीतेन्द्र नगरगडे, संजय टेंभरे, प्रवीण खरोले, सुनील पारधी, धर्मू जोशी, मोनू लिमजे, अरमान खान, शैलेन्द्र तिवारी, जसंवत पटले, प्रवीण रूसिया, शानू सिंघई, मनोज लिल्हारे, सोनू जायसवाल, रिकूं चापूकर, राकी गिडवानी, बालू जैवार आदि सक्रिय नजर आये। इसी तरह भाजपा महिला मोर्च मे जिला मंत्री रेखा गोखले, किरण शर्मा, तुलसी शर्मा, मधू जायसवाल, श्रीति पालेवार, मिनाक्षी ठाकरे, शीतल अरोरा, कंचन नेवारे, मंजू भोंडले आदि भी उपस्थित रहे।

# 'रन फॉर फ्रीडम' में दौड़ा कटंगी, युवाओं में दिखा देशभक्ति का जोश

## आजादी की दौड़ ने विधायक ने लगाई 3.5 कि.मी. दौड़







**जगप्रेरणा कटंगी।**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को कटंगी में '**Run for Freedom 2026**' आज़ादी की दौड़ का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। आयोजन के चतुर्थ वर्ष में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं नगरवासियों ने भाग लेकर देशभक्ति और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। 3.5 किलोमीटर की यह दौड़ अर्जुन नाला चौक से शुरू होकर कटंगी बस स्टैंड तक आयोजित की गई।

## फिट और स्वस्थ युवा ही मजबूत भारत की नींव : विधायक गौरव पारधी

मैराथन में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने भी युवाओं और छात्र-छात्राओं के साथ दौड़ लगाई। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ÷आज के युवा देश की ताकत हैं। स्वस्थ और फिट रहना उनके व्यक्तित्व के साथ-साथ देश के मजबूत भविष्य के लिए भी जरूरी है। नियमित व्यायाम और खेलकूद को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

'**Run for Freedom**' केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच की भावना को मजबूत करने का माध्यम है।÷ उन्होंने युवाओं से फिटनेस को जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। मैराथन के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। तिरंगे और देशभक्ति के नारों के साथ प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ दौड़ में सहभागिता की। आयोजन को सफ्ल बनाने में कटंगी नगरवासियों, प्रशासन, युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं आयोजन से जुड़े विभिन्न सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

'स्वस्थ युवा, सशक्त भारत और आज़ादी का उत्सव, दौड़ के संग' की भावना के साथ आयोजित इस मैराथन ने कटंगी में स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को नई ऊर्जा प्रदान की। विधायक पारधी ने आयोजन में शामिल अनुविभागीय अधिकारी कैलाश चंद्र ठाकुर कटंगी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम,शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी ष्टस् कुशराम सर, जनपद सीईओ गायत्री कुमार सारथी, एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मेष कुमार देशमुख वर्तमान में नगर पालिका कटंगी की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती धर्म कल कामराज देशमुख, कटंगी विधानसभा प्रभारी श्री गोपाल आडवाणी जी, प्रज्वलन चौरसिया, मुकेश चौकसे मंडल अध्यक्ष पश्चिम, सौरभ ठाकरे अध्यक्ष पूर्व मंडल, अविनाश देशमुख अध्यक्ष मंडल तिरोड़ी सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।


## मैराथन के पुरस्कार विजेता

आयोजन में विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सीनियर बॉयज वर्ग में सीनियर बॉयस में प्रथम ईनाम अक्ष लांजेवार 5100, द्वितीय पुरस्कार अतुल तामेश्वर 3100, कीर्ति पुरस्कार राजेंद्र निषाद 2100, सीनियर गर्ल्स वर्ग में - प्रथम इनाम दुर्गेश्वरी मर्सकोले 5100, द्वितीय इनाम महक घोड़ेश्वर 3100, तृतीय पुरस्कार मनीषा ठाकरे 2100, जूनियर बॉयज वर्ग में - जूनियर बॉयज विजेता - प्रथम पुरस्कार वंश ठाकरे 5100, द्वितीय पुरस्कार कृष्ण लिल्हारे 3100, तृतीय पुरस्कार खिलेंद्र राउत 2100, जूनियर गर्ल्स विजेता - प्रथम पुरस्कार मीणा बहेश्वर 5100, द्वितीय पुरस्कार प्रतीक्षा बोपचे 3100, तृतीय पुरस्कार प्राची खरे 2100, क्रमशः उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।









वारासिवनी में दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनो के लिए संपर्क करे..
कैलाश कसार
9111669515

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..
मो. 9329033433






जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

परिक्षेत्र सहायक पश्चिम बैहर
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
भोलाराम नान वरे

समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
जीवन लाल वरकडे सहायक रेंजर दमोह
देवेन्द्र मडावी वन रक्षक दमोह बीट

मॉयल स्कूल बिरसा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
सौरभ शर्मा प्राचार्य
एवं समस्त कर्मचारी गण

ग्राम पंचायत समनापुर
जनपद पंचायत परसवाडा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
मनोज उईके सरपंच
लोकेश शरणागत उप सरपंच
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत समनापुर
दशरथ बिसेन सचिव
सुरेश ब्रोम्हे सहा सचिव

वन विकास निगम उकवा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
पेड़ पौधों की करो रखवाली
तभी आएगी सुंदर हरियाली
शुभेच्छु
अजय कामडे वन परिक्षेत्र अधिकारी
चूरण मडावी सहायक परिक्षेत्र अधिकारी
अमरसिंह पन्द्रे, जयप्रकाश, अनिल गिरी, एवं समस्त स्टाफगण उकवा

वन विभाग दक्षिण उकवा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
वन है जीवन का आधार इनसे ही है
प्रकृति का श्रृंगार आओ मिलकर ले यह
प्रण हरियाली से महके अपना वतन
आशुतोष सिंह
वन परिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टाफगण उकवा

आदिवासी बालक छात्रावास
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
शिवनंद मंडावी (अधीक्षक)
आदिवासी बालक छात्रावास
एवं समस्त स्टाफ गण
सोनपुरी जिला बालाघाट

ग्राम पंचायत सोनपुरी
जनपद पंचायत बैहर
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
सुनील उईके सरपंच
मनोज चौहान उप सरपंच
सुखचरण खंडाते सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सोनपुरी
सतीश उमरे सहायक सचिव

ग्राम पंचायत छपरवाही
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
सुनिता महेश उईके सरपंच
आशीष सिरसाम उपसरपंच
सरिता वल्के सचिव
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत छपरवाही जनपद पंचायत परसवाडा

ग्राम पंचायत जगनटोला
जनपद पंचायत परसवाडा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
शिवकुमार उइके सरपंच
खलिल खान सचिव
राकेश मेश्राम सहायक सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत जगनटोला

ग्राम पंचायत मोहगांव
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
सुरेश पुर्राम (सरपंच)
दिपचंद बिसेन (उपसरपंच)
भजन वल्के (सचिव)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मोहगांव, जनपद पंचायत परसवाडा

ग्राम पंचायत लुद
जनपद पंचायत बैहर
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
चमरू सिंह तेकाम सरपंच
मेमराज उइके उप सरपंच
मोहनपुरी गोस्वामी सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत लुद

वन परिक्षेत्र उत्तर सामान्य उकवा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
पेड़ लगाए वन बचाएं स्वतंत्र भारत को हरित बनाएं
प्रकृति की रक्षा देश का मान यही है सच्चा राष्ट सम्मान
कुमारी प्रियंका मरकाम
वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं समस्त स्टाफ गण
वन परिक्षेत्र उत्तर सामान्य उकवा

ग्राम पंचायत बिटली
जनपद पंचायत बैहर
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
मालती अर्जुनसिंह उइके (सरपंच)
प्रदीप हरिद्वार (उप सरपंच)
गोविन्द सिंह मर्सकोले (सचिव)
कुलदीप अजीत (सहा सचिव)
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत बिटली

ग्राम पंचायत उकवा
जनपद पंचायत परसवाडा
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
शुभेच्छु
रामवती उइके सरपंच
शिवशंकर तिवारी उपसरपंच
भजन वल्के सचिव
प्रीति सहारे सहायक सचिव
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत उकवा

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

JAB CHAHIYE HO DOOR TAK PAHUNCH
CHAL MERI LUNA
BOOK NOW @ JUST ₹1000/-
STARTING FROM ₹69,990/- BOOK NOW
KINETIC GREEN
:: AUTHORIZED DEALER ::
BP E VEHICLES
Address : Ward No. 32, Near Arihant Gas Agency,Balaghat
Contact 8517852365 7566752365
KINETIC GREEN

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**अरूण यादव**
डायरेक्टर, न्यू जय अम्बे सिक्योरिटी सर्विस लिमिटेड

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**थाना यातायात**
थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**ग़रीब नवाज़ फाउंडेशन**
रज़ा नगर, गाँधी वार्ड, सिवनी


हाजी मो. असलम खान (पत्ते वाले) संरक्षक


मो. सुलेमान क़ादरी अध्यक्ष


मो. पप्पू उस्मानी उपाध्यक्ष

एवं समस्त मेम्बर, गरीब नवाज़ फाउंडेशन

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**वरदान नेत्रालय**
डॉ. आशीष ढगे
(नेत्र रोग विशेषज्ञ)
एवं समस्त स्टाफ, बड़ी ज्यारत
सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**शास. उर्दू हा. से. स्कूल, सिवनी**
नासिर सिद्दीकी
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**थाना प्रभारी धूमा**
एवं समस्त स्टाफ
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ. ए.के. लाकरा**
बी.एम.ओ. केवलारी
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**ग्लोबल लॉ कॉलेज, सिवनी**
बी.ए.- एलएलबी (HONS), एलएलबी, एलएलएम
मो. साकिब खान डायरेक्टर | मो. आसिफ इकबाल डायरेक्टर | सलीम सिद्दीकी एचओडी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**महावीर पैथालॉजी**
महावीर मढ़िया के पास, सिवनी
प्रो.प्रा. हिमांशु ठाकुर

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
महिला एवं बाल विकास, विभाग
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**उप पंजीयक एवं समस्त स्टाफ**
जिला पंजीयक कार्यालय,
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**अजय वहाने**
एस.डी.ओ.,
उत्तर वन मंडल, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**युगेश पटेल**
एस.डी.ओ.,
दक्षिण वन मंडल, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**मे. मदन लाल अग्रवाल**
प्रो.प्रा. आशीष अग्रवाल, छिन्दवाड़ा चौक
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ. पंकज दुबे**
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**सोहन सलामे**
जिला खनिज अधिकारी
खनिज विभाग, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ
**डॉ. टी.एस. इनवाती**
बी.एम.ओ. छपारा एवं
समस्त स्टाफ
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, छपारा

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं
**राजिक अकील**
पार्षद एवं प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी, सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**सहा. वन परिक्षेत्र अधिकारी गनेशगंज**
एवं समस्त स्टाफ
उत्तर वन मंडल, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**गौरव वानखेड़े**
वन परिक्षेत्र अधिकारी, केवलारी
एवं समस्त स्टाफ, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**शिवभान नागेश्वर**
वन परिक्षेत्र अधिकारी उगली, वन विकास निगम
एवं समस्त स्टाफ, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**एच.एल. दाहिया**
वन परिक्षेत्र अधिकारी, पांडिया छपारा
वन विकास निगम बरघाट परियोजना

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं
**साजिद खान 'सज्जू'**
जिला अध्यक्ष
मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद, सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**रवि गेडामे**
वन परिक्षेत्र अधिकारी, बहरई
वन विकास निगम बरघाट परियोजना

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**एस.सी. बरकड़े**
वन परिक्षेत्र अधिकारी, सिवनी
वन विकास निगम बरघाट परियोजना

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**श्री अड़कने**
वन परिक्षेत्र अधिकारी, लखनादौन
वन विकास निगम बरघाट परियोजना

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, गनेशगंज**
नीलम राजपूत
प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**आदित्य मोन्टू भूरा**
युवा काँग्रेस, जिलाध्यक्ष
एवं समस्त मित्रमंडल, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**धनंजय सिंह**
एनएसयूआई, जिलाध्यक्ष
एवं समस्त मित्रमंडल, जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं
**हाजी मो. असलम खान**
(पत्ते वाले)
वरिष्ठ इंका नेता
जिला सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**कार्यालय नगर पालिका परिषद, जिला सिवनी (म.प्र.)**


श्री ज्ञानचंद सनोडिया
अध्यक्ष


श्रीमती डॉली अमित डागौर
उपाध्यक्ष

दिशा डहेरिया
सीएमओ

अनुरोध : नगर में स्वच्छता बनाये रखने के लिये कचरा वाहन में ही कचरा डालें
पार्षदगण : श्रीमती रामकुमारी बरमैया, श्रीमती नेता धीरज पृथ्यानी, श्रीमती मालती बाबा पाण्डे, श्रीमती राजश्री संदेश बास्सा, संजय भलावी, कु. साक्षी संजय डागोरिया, श्रीमती अनुसुईया अनिल पटवा, राजिक अकील, सुहेल पाशा, श्रीमती निधि मोन्टू दुबे, श्री शफीक खान, जोएब जकी अनवर खान, विजय गोलू पंडित, महमूद भाई, श्रीमती आकांक्षा शीबू सेंगर, राजेश (राजू) यादव, राहुल बघेल, श्रीमती गोविंदी बाई, श्रीमती जीतू तरूण श्रीवास, चंदनसिंह खताबिया, इशरत नब्बू भाई, रविशंकर भांगरे एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण, नगर पालिका परिषद सिवनी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त के पावन पर्व पर नगर परिषद छपारा के समस्त नगरवासियों का हार्दिक अभिनंदन करती है
**कार्यालय नगर परिषद छपारा, जिला सिवनी (म.प्र.)**
श्रीमती निशा सुरेश पटेल — अध्यक्ष
शिवकांत सिंह उपाध्यक्ष — उपाध्यक्ष
सुश्री गीता बालमिक
सीएमओ
सभापति नगर परिषद छपारा
श्रीमती निर्मला ठकरिया, श्रीमती शिव नीता राजपूत, श्री धर्मेन्द्र जैन, श्री विशाल सिंह ठाकुर, श्री राकेश भारद्वाज
पार्षदगण
श्रीमती अहिल्या उईके, दिनेश कुमार उईके, श्रीमती शशि नागेश, दीपक कोष्टा, श्रीमती हेमलता सोनी, रामेश्वर बंजारा, श्रीमती प्रीति सिंह सिसोदिया, श्रीमती सोनल श्रीवात्री

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ
**अशरफी ट्रेडर्स**
— मजबूत ट्रैक्टर, बेहतर कल —
भरोसा गुणवत्ता का, साथ आपके विकास का!
संपर्क करें
93403 32623
74152 30358
प्रोप्राइटर :
अफरोज भाई
दमदार परफॉर्मेंस हर खेत के लिए | तकनीक में आगे किसान के साथ | भरोसेमंद सर्विस हमेशा आपके पास | आसान फाइनेंस सुविधा उपलब्ध




क्यों चुनें हमे?
- प्रमाणित डीलर – भरोसे का दूसरा नाम
- 100% ओरिजिनल ट्रैक्टर
- आकर्षक ऑफर और एक्सचेंज सुविधा
- अनुभवी टीम – बेहतर सलाह, बेहतर समाधान
- सेवा ही हमारा संकल्प

बेहतरीन माइलेज कम खर्च, ज्यादा लाभ | मजबूत बॉडी कठिन परिस्थितियों के लिए तैयार | आरामदायक डिजाइन किसान के लिए बेहतर अनुभव | उच्च रीसेल वैल्यू भविष्य में बेहतरीन लाभ
आकर्षक ऑफर सीमित समय के लिए
पता : गणेशगांज, जिला - सिवनी (म.प्र.) | किसान की पहली पसंद

जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## सत्ता में पिछड़े वर्ग की हिस्सेदारी चाहते थे बाबा साहब – अलग था आज़ादी को लेकर नज़रिया

डॉ अंबेडकर के राष्ट्र प्रेम का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वो भारत को विभाजित नहीं देखना चाहते थे। भारत को दो हिस्सों में बांटने की अंग्रेजों की साजिश से वे नाराज थे। इतना ही नहीं महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना की भी आलोचना की थी। पाकिस्तान के विभाजन को लेकर 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' के नाम से किताब भी लिखी थी। बाबा साहब का नजरिया दूरंदेशी था। वे समग्र विकास को तरजीह देते थे। उन्होंने ही औद्योगीकरण और कृषि निवेश की वकालत की। अल्प आय वर्ग के लिए आयकर का विरोध किया और भूमि सुधारों का समर्थन किया। उन्होंने महिलाओं के आर्थिक अधिकारों की की भी वकालत की।

आजादी की बात हो और दलित आंदोलनों की बात हो लेकिन बाबा साहब की बात ना हो ऐसा हो ही नहीं सकता। असल में आजादी को लेकर बाबा साहब का नज़रिया थोड़ा अलग था। बाबा साहब का असल मकसद था सत्ता में पिछड़े वर्ग की हिस्सेदारी। डॉ आंबेडकर का मानना था कि अगर किसी शख्स को समाज में सिर उठाकर चलने की आजादी नहीं तो उसके लिए देश की आजादी के कोई मायने नहीं। वह सत्ता में पिछड़े तबके की हिस्सेदारी चाहते थे। दलितों की दुर्दशा, शोषण और उत्पीड़न के लिए बाबा साहब हिंदू धर्म की ऊंच-नीच वाली व्यवस्था को जिम्मेदार मानते थे। उनका कहना था कि हिंदू धर्म मनुस्मृति के हिसाब से चलता है, जिसमें ऊंच-नीच कूट-कूटकर भरा है। द फिलॉसफी ऑफहिन्दुइज्म में डॉ आंबेडकर ने लिखा है, मनु ने चार वर्णों की वकालत की। फिर चारों वर्णों को अलग-अलग रखने के लिए जाति व्यवस्था बनी। बाबा साहब भी अपनी कौम के लिए उसी तरह की सोच रखते थे जैसे कि उस वक्त की कांग्रेस। सन 1880 से 1900 के दौर में कांग्रेस और उस जैसे अन्य संगठन अपने समुदाय के लिए अधिकारों की मांग करते थे। जैसे कि सती प्रथा और बाल विवाह का अंत करवाना। इसके बाद मराठा रेजिमेंट, जाट रेजिमेंट और महार रेजिमेंट बनाने की मांगें भी उठने लगी। इन मांगों और ब्रितानिया हुकूमत की दिगर नीतियों के खिलाफ लोग संगठित होकर आंदोलन करने लगे। बाद में ये मांगें सामूहिक आंदोलन के रूप में तब्दील हो गईं जो सन 1929 में पूर्ण स्वराज और फिर वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन तक जा पहुंचीं। बाबा साहब लगातार इस दलितों को उनके हक दिलाने के लिए कोशिशें करते रहें। तब वो वक्त था जब दलितों को ना तो पढ़ने-लिखने का हक था, ना जमीन-जायदाद खरीदने या हिस्सेदारी करने का। दलितों का शोषण और जातीय तिरस्कारों को लेकर बाबा साहब लगातार अपनी किताबों, लेखों में लिखते रहे। बाबा साहब का मानना था कि जब तक जातिगत व्यवस्था खत्म नहीं होती तब तक दलितों को वो सम्मान नहीं मिल पाएगा जिसके वो हकदार हैं। बाबा साहब मानते थे कि दलितों की सत्ता में हिस्सेदारी होनी चाहिए इससे ही उनके खिलाफअत्याचार और शोषण को रोका जा सकता है। यही वजह है कि बाबा साहब दलितों के हक के लिए उनकी मांगों को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे। जो लोग बाबा साहब के आलोचक थे उनका तर्क था कि आजादी मिलने के बाद दलितों के साथ जातीय भेदभाव खत्म हो जाएगा, उन्हें उनके अधिकार भी मिलने लगेंगे। जबकि, बाबा साहब का कहना था कि जातीय भेदभाव या छुआछूत ब्रितानियों की देन नहीं है जो उनके जाने के बाद या आजादी मिलने के बाद खत्म हो जाएगी। इसी वजह से डॉ आंबेडकर ने शोषितों और वंचितों को अधिकार दिलाने की मुहिम जारी रखी। इसी मुहिम का नतीजा रहा कि साइमन कमीशन वंचित तबके को प्रतिनिधित्व देने को राजी हुआ। दूसरी तरफ कांग्रेस ने साइमन कमीशन के खिलाफ आंदोलन चला रखा था। अंग्रेज हुकूमत ने अगस्त 1932 में दलितों को पृथक निर्वाचन का अधिकार दिया। इसमें दलितों को दो वोट देने का अधिकार था। एक वोट से वे अपने समुदाय का प्रतिनिधि चुन सकते थे और दूसरे से किसी सामान्य वर्ग का। महात्मा गांधी ने पृथक निर्वाचन का विरोध किया। उनका मानना था कि इससे दलितों और सवर्णों के बीच की दूरियां और ज्यादा बढ़ जाएगी। उन्होंने इसके खिलाफआमरण अनशन शुरू कर दिया। महात्मा गांधी की तबीयत बिगड़ने के साथ डॉ आंबेडकर के पुतले जलाए जाने लगे। आखिरकार डॉ आंबेडकर को झुकना पड़ा और 24 सितंबर 1932 को महात्मा गांधी और बाबा साहब आंबेडकर के बीच पूना पैक्ट हुआ। इससे दलितों के पृथक निर्वाचन और दो वोट का अधिकार खत्म हो गया। हालांकि दलितों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या राज्यों के विधानमंडलों में 71 से बढ़ाकर 147 और केंद्रीय विधानमंडल में कुल सीटों का 18 फीसदी कर दी गई। डॉ आंबेडकर, वायसराय की एग्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्य थे। सदस्य का दर्जा आज के कैबिनेट मंत्री के बराबर होता था। उन्हें श्रम विभाग की जिम्मेदारी दी गई थी। डॉ आंबेडकर ने वायसराय काउंसिल के सदस्य के रूप में कई अहम काम किए। उन्होंने भारतीय ट्रेड यूनियन (संशोधन) विधेयक पारित कराया, जिसने हर कंपनी में एक ट्रेड यूनियन को अनिवार्य बना दिया। ब्रिटिश शासन में वेतन भुगतान (संशोधन) विधेयक और कई कारखाने (संशोधन) विधेयक भी उन्हें पास करवा दिए। उन्होंने ब्रिटिश सेना में बड़ी संख्या में दलितों की भर्ती करवाई और विशेष रूप से महार बटालियन को बहाल करवाया। बाबा साहब अपने रसूख का इस्तेमाल अपने समाज की भलाई के लिए करना चाहते थे। उनका मानना था कि वे देश की आजादी से पहले ब्रिटिश सरकार में ही दलितों के लिए कुछ कर देंगे जिससे जातिवाद की खाई और लोगों की सोच बदल जाए। उनका कहना था कि पहले दलितों को उनका अधिकार मिलना चाहिए तभी उनके लिए आजादी के कोई मायने होंगे। बाबा साहब का मानना था कि आजादी के बाद भी दलितों के साथ भेदभाव जारी रहेगा। इसलिए वह कानूनी प्रावधानों के जरिए दलितों को ज्यादा से ज्यादा अधिकार दिलाना चाहते थे। डॉ आंबेडकर को लगता था कि दलितों को उनका हक दिलाना आजादी से ज्यादा जरूरी है।

15 फरवरी 1946 को सतारा में भाषण देते हुए बाबा साहब ने कहा था कि स्वराज के लिए मेरा बिलकुल विरोध नहीं है, हां स्वराज में हमें भी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने महात्मा गांधी से अपने संबंधों पर खुलकर कहा कि भारत के अखबारों में बार-बार मेरे और गांधी के बीच झगड़े को उछाला जा रहा है। गांधी का तिलक के साथ झगड़ा था, गांधी का गोखले का साथ भी झगड़ा था, गांधी का सर चिमणलाल सीटलवाड़ के साथ भी झगड़ा था। अब बाकी झगड़े खत्म हो गए लेकिन मेरा और गांधी का झगड़ा अब भी जारी है। बाबा साहब ने कहा था, मै एक दरिद्र परिवार में जन्मा हूं। बड़ी मेहनत और लगन के साथ मैने पढ़ाई की। आगे बड़ोदा सरकार की मदद से विलायत जाकर उपाधियां प्राप्त कीं। फिर नौकरी की। दो साल बाद नौकरी छोड़कर फिर विलायत गया और बैरिस्टर तथा डीएससी की उपाधियां हासिल कीं। तब से समाज कार्य और व्यवसाय दोनों मै बड़ी ईमानदारी से करता आया हूं। बैरिस्टर की पढ़ाई जब मैने शुरू की थी तब हाईकोर्ट के सभी वकील ब्राम्हण और सभी सॉलीसिटर्स गुजराती थे। उसी वक्त गांधी के पास जाकर मै अपने लिए कुछ मांग सकता था। सम्मान, केसेस और रुपया-पैसा भी पा सकता था। औरों की तरह ही मेरा निजी विवाद होता तो वह मिटा कर मैं गांधी की शरण में जा सकता था लेकिन गांधी और मेरे बीच का विवाद अभी तक मिटा नहीं है। इसकी वजह यह है कि मै गांधी से अपने लिए कुछ भी मांगना नहीं चाहता। मै अपनी बुद्धि अपने पुरुषार्थ तथा अपने बल के सहारे जीवन बिता रहा हूं। गांधी से मै जो मांग रहा हूं वह आप लोगों की तरफसे और न्याय है वही मांग रहा हूं। गांधी के साथ मेरा यह झगड़ा अपने पूरे समाज की ओर से है और समाज के उज्जवल भविष्य के लिए है। बाबा साहब ने कहा था कि आजकल तो सब लोग स्वराज की मांग कर रहे हैं लेकिन सोचिए कि स्वराज किसका ? स्पृश्यों से हमारा सवाल है कि आपका राज हम पर ही क्यों है ? क्या हमें भी स्वराज और न्याय तथा अधिकार नहीं मिलनें चाहिए ? हिंदुओं का स्वराज कहें तो शुद्र पेशवाई, पेशवाई भी स्वराज ही था ना ? उसमें हम पर अनगिनत जुल्म ढाए गए। अछूत व्यक्ति का थूक रास्ते पर ना गिरे इसलिए उसके गले में मिट्टी का मटका बांधा गया और उसके चलने पर मिट्टी पर होने वाले उसके पैरों के निशान से छुआछूत ना फैले इसके लिए उसकी कमर में पीछे झाड़ू लटकाई गई। पहचान के लिए एसके गले में काला धागा बांधा गया। दोबारा ऐसी स्थितियां पैदा न हों इसलिए मै संघर्ष कर रहा हूं। स्वराज से मेरा बिल्कुल विरोध नहीं है लेकिन उस स्वराज में हमें भी हिस्सा चाहिए। अधिकार की जगहों, मौके की जगहों पर हमारे लोगों का भी हक होना चाहिए।

डॉ आम्बेडकर ने भारत की आजादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया था। वो भारत के बटवारे के पक्ष में भी नहीं थे। पाकिस्तान की मांग कर रहे मुस्लिम लीग के लाहौर रेजोल्यूशन (1940) के बाद, बाबा साहब ने थॉट्स ऑन पाकिस्तान नामक चार सौ पेजों की एक किताब लिखी। इस किताब में डॉ आंबेडकर ने पाकिस्तान की अवधारणा का विश्लेषण करते हुए सभी पहलुओं का जिक्र किया। साल 1940 को पाकिस्तान और द पर्टिशन ऑफ इण्डिया-थॉट्स ऑन पाकिस्तान के नाम से बाबा साहब की लिखी पुस्तक प्रकाशित हुई थी। तब तक पाकिस्तान का मामला गर्माया तो हुआ ही था। इस किताब के प्रकाशित होने के वक्त दूसरा विश्व युद्ध प्रारंभ हो चुका था। इस पुस्तक में बाबा साहब ने इस्लाम और पाकिस्तान के बारे में पूरी निडरता के साथ अपनी बात रखी थी। इस किताब में मुस्लिम केस फॉर पाकिस्तान इस शीर्षक के अंतर्गत तीन अध्याय हैं। उनमे मुस्लिम लीग की मांग, राष्ट्र को घर चाहिए और दुर्दशा से पलायन जैसे विषयों पर विस्तार से विवेचन किया है। पुस्तक के अगले तीन अध्याय हिन्दू केस अगेंस्ट पाकिस्तान इस शीर्षक के अंतर्गत हैं। खंडित एकता, सुरक्षा की दुर्बलता और पाकिस्तान तथा धार्मिक एकता इन विषयों द्वारा पाकिस्तान के निर्माण के विरोध में हिन्दू समाज के तर्कों को रखा गया है। आगे पाकिस्तान नहीं बना तो इस शीर्षक के अंतर्गत तीन अध्याय हैं। इसमें पाकिस्तान का विकल्प, हिन्दू और मुस्लिमों के दृष्टिकोण से दिया है। अंतिम तीन अध्याय पाकिस्तान के निर्माण की बेचैनी इस शीर्षक के अंतर्गत हैं। इनमें सामाजिक मुद्दे, जातिगत संघर्ष, राष्ट्रीय अवसाद आदि विषयों का वर्णन है। बाबा साहब ने हिन्दू-मुस्लिम मसले के सभी पहलुओं का जिक्र इस किताब में किया है लिहाजा ये किताब किसी एक के पक्ष में नहीं है।

लेखक



मुस्ताअली बोहरा
अधिवक्ता एवं लेखक, भोपाल

## 'स्वतंत्रता के अमृतकाल में विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम'



15 अगस्त 1947 को भारत ने लंबे संघर्ष के पश्चात स्वतंत्रता प्राप्त की थी। आज, अपनी स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक पूरे होने पर, यह अवसर हमें न केवल गर्व से अतीत को स्मरण करने का, बल्कि भविष्य के प्रति अपनी जिम्मेदारियों पर चिंतन करने का भी है। एक अर्थशास्त्र के विद्यार्थी और शिक्षक के दृष्टिकोण से देखें तो भारत की विकास यात्रा अत्यंत रोचक और प्रेरणादायक रही है।

### आर्थिक विकास की यात्रा

स्वतंत्रता के समय भारत की अर्थव्यवस्था कृषि-प्रधान और अत्यंत सीमित औद्योगिक आधार वाली थी। दशकों में हरित क्रांति, 1991 के आर्थिक उदारीकरण और डिजिटल क्रांति जैसे मील के पत्थरों ने देश को दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कर दिया है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली और अधोसंरचना विकास पर विशेष बल दिया गया है, जिसने अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। साथ ही, यह भी उल्लेखनीय है कि आर्थिक विकास की यह यात्रा किसी एक सरकार या नेतृत्व तक सीमित नहीं–प्रत्येक कालखंड और सरकार ने अपने-अपने ढंग से देश की नींव मजबूत करने में योगदान दिया है, और चुनौतियां–जैसे बेरोजगारी, आर्थिक असमानता एवं महंगाई–आज भी नीति-निर्माताओं के समक्ष विद्यमान हैं।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने अपनी पुस्तक ÷इंडिया 2020: ए विजन फॉर द न्यू मिलेनियम÷ में भारत को वर्ष 2020 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का स्वप्न प्रस्तुत किया था। उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी, अवसंरचना और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता के क्षेत्र बताया था। यद्यपि निर्धारित समयसीमा में यह लक्ष्य पूर्णतः प्राप्त नहीं हो सका, परंतु डॉ. कलाम का यह विजन आज भी हमारी नीतिगत दिशा को प्रेरित करता है। उनका यह मानना था कि विकास केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक–विशेषकर युवाओं–की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है।

### एक विद्यार्थी और नागरिक के रूप में हमारा योगदान

डॉ. कलाम के इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए, हमें यह समझना आवश्यक है कि राष्ट्र-निर्माण में हमारी व्यक्तिगत भूमिका क्या हो सकती है:

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर और नए कौशल सीखकर हम स्वयं को और समाज को सशक्त बना सकते हैं। समय पर कर भुगतान और जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार अर्थव्यवस्था की रीढ़ मजबूत करता है। नए विचारों और स्टार्टअप्स के माध्यम से रोजगार सृजन में योगदान दिया जा सकता है।

पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं सतत विकास के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदार उपभोक्ता की आदतें अपनाना होगा।

स्वतंत्रत एवं निष्पक्ष मतदान, सामुदायिक सेवा और स्थानीय विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा कर भी हम अपना देश के प्रति योगदान दे सकतें है।

नागरिकों के रूप में हमें नीतियों को समझने, प्रश्न पूछने और रचनात्मक सुझाव देने की क्षमता भी विकसित करनी चाहिए–यही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है।

स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी अवसर है। भारत ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, परंतु विकसित भारत का स्वप्न–जो डॉ. कलाम ने देखा था–तभी साकार होगा जब सरकार, संस्थान और प्रत्येक नागरिक मिलकर कार्य करेंगे। आइए, इस 80वें स्वतंत्रता दिवस पर हम सब यह संकल्प लें कि अपने-अपने क्षेत्र में जिम्मेदार, जागरूक और सक्रिय योगदानकर्ता बनेंगे।

जय हिंद!

लेखक



डॉ. निलेश राऊत
सामाजिक चिंतक
बालाघाट


### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

## घर घर रहे तिरंगा


नहीं कहीं कोई फसाद हो
और न कोई दंगा।
एक यही अरमान है मन में
घर घर रहे तिरंगा।
सभी स्वस्थ हों,सभी मस्त हो
रहे सदा खुशहाली।
जनगणमन और जनजीवन में
रात न आए काली।
उत्तर दक्षिण- पूरब पश्चिम
क्या उत्कल, क्या बंगा।
एक यही अरमान है मन में
घर घर रहे तिरंगा।।
रहे सदा सुफलाम् ये धरती
सुजलाम् सरिता- सागर।
परिपूरित धान्य खेतों में
धन से छलके गागर।
चेहरा चेहरा दम दम दमके
तन बलिष्ठ और चंगा।
एक यही अरमान हैं मन में
घर घर रहे तिरंगा।।
राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र शक्ति के
छाए रहें नजारे।
जय जय जय से गुंजित हो नभ
निसिदिन सांझ सकारे।
भाव- भावना रहे सभी की
जैसे पावनी गंगा।
एक यही अरमान हैं मन में
घर घर रहे तिरंगा।।

रचनाकार



शशि तिवारी,
गोंदिया (महाराष्ट्र)


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 246



ck;ı lı nk;ı !& 1) यात्री 4) उत्कृष्ट किस्म की चांवल 7) पुरस्कार, पारितोषिक 9) भारत का एक उत्तरी राज्य 14) यात्रा, प्रवास 15) शंकरजी ने समुद्र मंथन से उत्पन्न इस उग्र विष को प्राशन किया 17) मनुष्य का खून चूसनेवाला एक कीड़ा 18) अपवित्र 20) प्रदान करना 21) विष्णु का एक नाम 24) छोटे लड़कों के लिए प्रयुक्त एक दुलार भरा शब्द 25) तलवार 27) फूलों का हार 29) शंकर, शिवजी 31) किसी महात्मा की जन्मतिथी पर मनाया जानेवाला उत्सव 32) कटि 33) अधिकार 34) चक्षू, आंख 36) बारीक सूजी 37) पृथ्वी,, धरा 38) रिक्त 39) घमंड 40) महोदय 42) शपथ, सौगंध 43) किसी काम को पूरा करने की प्रवृत्ति, विवाह 45) नशीला 47) अच्छा दिन 49) अमेरिका एक विश्वप्रसिद्ध जलप्रपात 51) नुपूर, स्त्रियोंद्वारा पैरों में पहनने का एक गहना 52) ढाक का फूल, टेसू 53) पुत्री,, कन्या 55) विवाह, लगन 56) विचार 57) अंधेरा 59) रुधिर, लहू 60) एक प्रसिद्ध पुराने फिल्मी गीतकार 62) सूर्य 64) स्त्रियोंद्वारा नाक में पहनने का एक गहना 65) न्यारा, विलक्षण, अलग किस्म का 66) हिमाचल प्रदेश एक प्रसिद्ध शहर जहां से शिमला को रेलद्वारा जाया जा सकता है 67) घी या तेल में पकाये खाद्य व्यंजन 68) एक दस्यु सुंदरी जो संसद में चुनकर आयी थी 71) नमक का स्वाद 72) भगवान 74) जीभ 78) पेड़–पौधों के अंगो का विवेचन करनेवाला एक शास्त्र 79) स्वामियुक्त, जो अनाथ न हो 81) नस 82) नवीन 84) इन्द्र की वाटिका 86) तलवार रखने की खोल 87) रथ बनानेवाला 89) मदद करनेवाला 91) स्कूल, विद्यालय 93) न्यायालय 95) महामार्ग पर चलनेवाले वाहनों पर लगनेवाला कर 96) दूल्हा 97) असावधान 99) एक अंग्रेजी महीना 101) माथा 103) राणा का अपभ्रंश 106) राशियों की संख्या 108) ज्वालामुखी से निकलनेवाला तप्त रस 109) एक सुगंधित वनस्पति 110) तर्क 111) महीना 112) मृत्यू 113) मृत्यू होने तक 114) चारपाई 115) नटखटपन, उधम 116) इस्लामी साधु या भिक्षुक 117) देश की मुद्रा ढालने का सरकारी कारखाना

Åij lı uhpı !& 1) इस्लाम धर्म का अनुयायी 2) स्वच्छ 3) टहलना, मुड़ना, चक्कर लगाना 4) छोटी लड़की 5) महाभारत के पांच पांडवों में से एक 6) मसलना, घर्षण करना 8) पुरुषात्वहीन 9) जर्मनी प्रसिद्ध तानाशाह 10) प्रकरण, मसला 11) अस्थिर, चलायमान 12) नमस्कार, वंदन 13) चीनी,, शर्करा 15) पात्र, अधिकारी 16) सांसद रह चुकी एक पुरानी अभिनेत्री जो 'संगम' फिल्म में राज कपूर की हीरोईन थी 19) नजदीक 22) पोता 23) बनावटी 25) संदेह 26) एक सर्पराज 28) योग्य, सक्षम 30) शिवजी का मंदीर 31) धन, रुपया पैसा 33) सीमा 35) वंश 37) दौलत, सम्पत्ति 38) धूल, मिट्टी,, राख 39) अन्तःकरण, दिल 40) जयघोष 41) समानता 44) अशुद्ध, जो ठीक न हो 46) रामायण में कैकयी के पति 47) स्वर्णिम, बहुत अच्छा (मौका) 48) माचिस 50) आन्ध्र प्रदेश का प्रसिद्ध बन्दरगाह 51) पाप 52) पीप 54) धिक्कारना, तिरस्कार करना 56) चिन्तन 58) लिप्त, तल्लीन 61) पानी,, नीर 62) हिन्दूओं का सबसे बड़ा त्यौहार 63) कपड़े के फटे छेद को धागे से भरने की क्रिया 64) नयापन, नूतनता 65) हताशा 69) संबंध, प्रेम, मोह 70) ईश्वर, भगवान 71) आदरसत्कार 73) सांस लेने की क्रिया 75) शासक 76) नगर संबंधी,, नगर का 77) जहाज ठहरने का अड्डा 80) थरथराने की क्रिया 83) श्रीकृष्ण का वंश 84) नग्न, बिना कपड़े का 85) मादकता 88) शिथिल होना, थकावट, श्रान्त होना 90) राजसभा 92) लज्जा, शरम 93) मौका 94) कष्ट 98) माथा, मस्तक 100) नाजयुक्त चंचलता या हावभाव 102) डोली 104) एक धातु 105) काले रंग का एक पक्षी 107) युद्ध 112) मां की बहन के पति (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



apumeya-08446302691

## जन–गण–मन का गीत गूंजे

मंगल हो या चाँद की दुनिया,
बस भारत की जीत गूंजे।

इस धरती से आसमान तक,
जन-गण-मन का गीत गूंजे।

जगे चेतना हर मानस की,
अंतर्मन में अनुराग हो,

स्नेहलता से ओत-प्रोत,
सब फूलों का पराग हो।

स्वतंत्रता का चिन्मय होकर,
कण-कण में संगीत गूंजे,

इस धरती से आसमान तक,
जन-गण-मन का गीत गूंजे।

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र





जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## तिरंगा यात्राः बारिश के बीच महिलाओं और जनपद टीम ने दिखाई देशभक्ति की मिसाल

# जनपद पंचायत अध्यक्ष माया उइके के सानिध्य में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, बारिश के बीच भी दिखा देशभक्ति का जज्बा..

**जगप्रेरणा वारासिवनी।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर वारासिवनी जनपद पंचायत क्षेत्र में देशभक्ति और जन-उत्साह का अनूठा नजारा देखने को मिला। तेज बारिश भी जनपद पंचायत की पूरी टीम, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, ग्राम पंचायतों के सचिवों, रोजगार सहायकों एवं प्रशासनिक अमले के उत्साह को नहीं रोक सकी।





बारिश के बीच पूरे जोश और उमंग के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा जनपद पंचायत परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दीनदयाल चौक पहुँची। इस दौरान हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने देशभक्ति के नारों से वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

दीनदयाल चौक से यात्रा पुनः जनपद पंचायत परिसर पहुँची, जहां गरिमामय ढंग से यात्रा का समापन हुआ।

### बारिश में भी महिलाओं का उत्साह रहा देखते ही बना

तिरंगा यात्रा का प्रमुख आकर्षण स्व-सहायता समूहों की दीदियों एवं महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। तेज बारिश के बावजूद महिलाओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे पूरे उत्साह के साथ पैदल मार्च किया। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के गगनभेदी नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। महिलाओं की यह सहभागिता न केवल देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित कर रही थी, बल्कि समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी का भी संदेश दे रही थी।

### बारिश बनी देशभक्ति के जज्बे की गवाह

आयोजन की खास बात यह रही कि तिरंगा यात्रा शुरू होने के साथ ही तेज बारिश होने लगी, लेकिन देशभक्ति के जज्बे के आगे मौसम की चुनौती भी फीकी पड़ गई। जनपद पंचायत की पूरी टीम और समूह की महिलाओं ने बारिश के बीच यात्रा को जारी रखा। इस दौरान लोगों में उत्साह और राष्ट्रप्रेम का जज्बा देखते ही बन रहा था।

### जनपद अध्यक्ष माया उइके ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया उइके ने कहा कि 15 अगस्त के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

हालांकि यात्रा के दौरान भारी बारिश शुरू हो गई, लेकिन जनपद पंचायत की पूरी टीम, आजीविका समूहों की दीदियां, ग्राम पंचायतों के सचिव, जीआरएस, प्रभारी सीईओ एवं समूचा प्रशासनिक अमला पूरे उत्साह और निष्ठा के साथ यात्रा में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि बारिश के बावजूद तिरंगा यात्रा बेहद शानदार और सफल रही।

यह आयोजन हम सभी के भीतर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत करता है। उन्होंने सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### ये रहे प्रमुख रूप से मौजूद

तिरंगा यात्रा में जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया उइके, उपाध्यक्ष एवं समस्त जनपद सदस्य, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सरोज सरैया, कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक (तत्रस) संघ के सदस्य, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं एवं क्षेत्रीय नागरिक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




































विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

9 शनिवार 15 अगस्त 2026
जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# आजादी की 80 वीं वर्षगांठ पर शान से लहरायेगा तिरंगा..

**स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह..**

जगप्रेरणा लांजी।

***आज लांजी में आजादी की 80वीं वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस समारोह आन बान शान के साथ मनाया जायेगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रातः 7:15 बजे नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले के द्वारा तथा गांधी चौक में सभापति श्रीमती शिखा***

कैलाश गोस्वामी के द्वारातथा 8 बजे नगर के हृदय स्थल सुभाष चौक में लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभापति श्रीमती शिखा गोस्वामी, किशोर रामटेक्कर, विजय गोस्वामी, दिनेश कचवाहे, कस्तुरा वाकड़े, पार्षद गण संजय सैय्याम, श्रीमती विभा तिवारी, श्रीमती पूनम आसटकर, श्रीमती प्रेंमलता खोब्रागड़े, श्रीमती कल्पना डोलस, श्रीमती तेजेश्वर गोदुले, सौरभ मोनू पशीने, मुकेश रणदिवे, मनोनित पार्षद गण आलोक चौरसिया, अविनाश रैंच, श्रीमती सुशीला दुग्गड़, श्रीमती प्रगति पालीवाल, सांसद प्रतिनिधि राकेश रामटेक्कर, विधायक प्रतिनिधि कैलाश पुरी गोस्वामी की प्रमुख उपस्थिती ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न होगा।




## मुख्य समारोह विरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम मे होगा आयोजित..

लांजी क्षेत्र का मुख्य समारोह नगर के सालेटेकरी मार्ग पर स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में प्रातः 09 बजे से आयोजित किया गया है जहां जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल के द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09 बजे समस्त अतिथियों की उपस्थिती में ध्वजारोहण किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व विधायक हिना कावरे, पूर्व विधायक किशोर समरीते, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अर्चना खोंगल जनपद अध्यक्ष लांजी, श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले अध्यक्ष नगर परिषद लांजी। विशिष्ट जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, नप लांजी उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, श्रीमती ज्योति उमरे, श्रीमती मीना दशरिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमृत लाल मेश्राम, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल, समस्त सभापति एवं जनपद सदस्य जनपद लांजी तथा समस्त सभापति एवं पार्षद गण नगर परिषद लांजी, आमंत्रित अतिथि, गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र छात्रायें, शिक्षक शिक्षिकाऐं, समस्त अनुविभाग प्रशासन लांजी की गरिमामयी उपस्थिती में स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। तय कार्यकम के अनुसार प्रातः 08 :55 को अतिथियों का आगमन, प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण, 09:05 पर राष्ट्रीय गान, 09:10 पर मध्यप्रदेश गान, तत्पश्चात जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल के द्वारा मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन। सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन तथा प्रशस्ती पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# शासकीय महाविद्यालय, किरनापुर में 'हर घर तिरंगा अभियान 2026' के तहत देशभक्ति कार्यक्रमों की धूम

जगप्रेरणा किरनापुर।

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन के मार्गदर्शन एवं संयोजक संतोष कुमार पटले के कुशल संयोजन में दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में 09 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक 'हर घर तिरंगा अभियान' का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस पूर्व महाविद्यालय के विद्यार्थियों में अभूतपूर्व उत्साह एवं उमंग देखने को मिल रहा है जहाँ विद्यार्थी अपने-अपने विभागों एवं कक्षों को तिरंगे के रंगों से सजा रहे हैं ।





विद्यार्थियों की सृजनात्मकता एवं अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पत्र लेखन एवं बोर्ड सजावट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। डॉ. पल्लवी रिनाहिते एवं डॉ. डालेश विजयवार के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने राष्ट्र के नाम पत्र एवं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता जैसे विषयों पर भावपूर्ण पत्र लिखे। इसके साथ ही महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के सूचना पट्ट (न्यूज़ बोर्ड) को तिरंगे के तीन रंगों, कलात्मक चित्रों, राष्ट्रभक्ति कविताओं एवं स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से संबंधित प्रासंगिक जानकारियों से अत्यंत आकर्षक रूप में सजाया गया। महाविद्यालय परिसर से नगर के प्रमुख मार्गों तक एक विशाल तिरंगा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सुश्री साक्षी बंसोड़ एवं लीलाधर चचाने के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामकर भारत माता की जय और हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा के गगनभेदी नारों के साथ भ्रमण किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों में देशभक्ति की भावना का संचार करना तथा प्रत्येक नागरिक को अपने-अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था। रैली में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मान्यता तिवारी एवं गायत्री केकती के निर्देशन में भारतीय संस्कृति कला और देशभक्ति के अनूठे संगम के रूप में तिरंगा रंगोली एवं तिरंगा बुनाई गतिविधि का आयोजन किया गया। मान्यता तिवारी एवं गायत्री केकती के संयोजन में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में केसरिया, सफेद और हरे रंगों के सुंदर संयोजन से आकर्षक एवं संदेशपूर्ण रंगोलियाँ सजाई। इसके साथ ही आत्मनिर्भरता और पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'तिरंगा बुनाई' कला का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने धागों और कलात्मक सामग्रियों के माध्यम से राष्ट्रध्वज के स्वरूप को निखारते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।

बाइक रैली एवं जन-जागरूकताः वरेण्य सिरसाटे के नेतृत्व में युवाओं की एक भव्य बाइक रैली निकाली गई जो किरनापुर तहसील के ग्राम बड़गांव तक पहुँची। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों के घर-घर जाकर तिरंगा लगाया और राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के प्रति जागरूक किया।

नशा मुक्त भारत नुक्कड़ नाटकः राष्ट्रीय सेवा योजना **(NSS)** इकाई की प्रभारी साक्षी बंसोड़ एवं मान्यता तिवारी के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्त भारत विषय पर एक मर्मस्पर्शी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।


14 अगस्त को महाविद्यालय में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभाजन के ऐतिहासिक घटनाक्रम पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। तत्पश्चात विभाजन की त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। हर घर तिरंगा अभियान श्रृंखला के अंतर्गत आगामी दिनों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित होना शेष है जिसका दायित्व शशांक नेवारे सुश्री अंजलि मेरावी एवं नितेश बोहरे को सौंपा गया है।


कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।































मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
**हेमंत नायक**
मो. 88273 19933



# जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर

● बिछिया ● बीजाडांडी ● घुघरी ● मवई ● मोहगांव ● नारायणगंज ● निवास

**विज्ञापन आमंत्रित है..**
संपर्क - मो. 9329033433


स्वतंत्रता का मान, हमारा अभिमान
आओ मिलकर करें देश का सम्मान
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आओ मिलकर देश को और मजबूत बनाएं, एकता, अखंडता और भाईचारे की भावना हमारी पहचान।
वंदे मातरम! जय हिन्द!

**संपतिया उईके**
कैबिनेट मंत्री - लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मध्यप्रदेश
विधायक - मण्डला

स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को शत-शत नमन
आओ मिलकर करें उनका सपनों का भारत निर्माण
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द

**प्रमोद नरेती**
जिला अध्यक्ष
गोंडवाना गणतंत्र पार्टी मण्डला (म प्र)

स्वतंत्रता की शक्ति से राष्ट्र की उन्नति, एकता, अखंडता और भाईचारे की भावना हमारी पहचान।
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और देशवासियों के सहयोग से ही हमारा भारत महान बना है।
जय हिंद! वंदे मातरम्!

**चेनसिंह वरकड़े निवास**
विधायक
विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 106

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतवंत उलारी — सरपंच
संतोष ठाकुर — सचिव
संदीप अर्शिया — रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत केहरपुर जनपद पंचायत मंडला

ग्राम पंचायत बढ़ार जनपद पंचायत मंडला
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



गंगाराम मरावी — सरपंच
महेश उईके — सचिव
सुखमन परते — रोजगार सहायक
समस्त ग्रामवासी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए संकल्प लें और गोंडवाना समाज के उज्जवल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करें।
जय हिन्द
वंदे मातरम्

**इंजी. कमलेश तेकाम**
प्रदेश अध्यक्ष
गोंडवाना गणतंत्र पार्टी मध्य प्रदेश
जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंडला

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**संतोष सोनू भलावी**
अध्यक्ष, जनपद पंचायत मंडला
जिला मंडला

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय ग्राम पंचायत भालीवाड़ा, जिला मंडला
15 अगस्त स्वतंत्रता हार्दिक शुभकामनाएं

15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्ता 2026 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
“आओं मंडला स्वच्छ बनाये”
कार्यालय नगर पालिका परिषद मंडला मध्यप्रदेश
मुख्य नगरपालिका अधिकारी:
मुख्य मका अधिकारी: गजानन नाफड़े
अध्यक्ष: विनोद कुमार कछवाहा
उप अध्यक्ष: अखिलेश कछवाहा
सदस्य प्रेसीडेंट इन काउंसिल: सुश्री ज्योति मलिक, श्रीमती वंदना काऊचहा, श्री जितेन्द्र बर्वे, श्री सुधीर मिश्रा, श्रीमती प्रीति राय, श्रीमती प्रतिभा साह, दिलीप नंदा
सदस्य अपील समितिः सुश्री पूर्णिमा धुर्वे, श्री मो, गनी
पार्षदगण नगरपालिका परिषद मण्डला: श्री अनिल दुबे, श्री वृजेश जसवाली, श्रीमती नाजीपा तिवारी, श्रीमती माया तुला, श्रीमती अनीता चौधरी, श्रीमती कामिनी चौधरी, श्रीमती आरक्षको, श्री नरेश सिंधिया श्रीमती ज्योति बाजपेयी, श्रीमती आशा सर्सकोले, श्री रामजी गायक, “शानू चौरसिया”
नामनिर्दिष्ट पार्षदः श्रीमती सुधा गौतम, श्रीमती संध्या कांडा, श्रीमती ममता, चंद्रकुमार (पास्स) असराली, श्री वैसाखू नंदा, श्री भुवन वैरागी

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, रामनगर
विनीत विल्सन तिर्की — प्रशासक
हरीश मिश्रा — सहायक प्रबंधक

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी महाराजपुर
जिला -मण्डला
समस्त स्टाफ

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय एकीकृत हाई स्कूल केहरपुर, जिला मंडला
प्रचार्य एवं समस्त शिक्षक गण की ओर से

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय ग्राम पंचायत चमारवाही जिला मण्डला
मुकेश मसराम — सरपंच
शंकर लाल उईके — सचिव
समस्त ग्राम पंचायत,चमारवाही

15 अगरत स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
JBD ग्रुप मंडला
सदस्यः रानू उइके
समस्त JBD ग्रुप मंडला और रानू उइके की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय ग्राम पंचायत बेहंगा
जिला मंडला

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पुलिस थाना महाराजपुर
(Maharajpur Police Station)
एवं समस्त स्टाफ
समस्त देश वासियों को
(To all country-people)
80 वां

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला शिक्षा अधिकारी मंडला
श्रीमती मुन्नी वरकड़े

क्लासिफाईड विज्ञापन
सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते है। कृपया संपर्क करें..
मो. 9329033433

समस्त ग्राम वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला आबकारी विभाग
जिला मण्डला
समस्त स्टाफ, मण्डला

15 अगरत स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नर्मदा एक्सप्रेस न्यूज मंडला
संवाददाता -जितेन्द्र कुमार भलावी
G94 News
Narmada Express News


विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर जिले में होंगे विविध कार्यक्रम..




जगप्रेरणा आमगांव।

***1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस, शौर्य और देशभक्ति की मिसाल पेश करने वाली वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर विशेष***

कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आलोक महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्रकुमार लिल्हारे ने जानकारी दी। जिले में बाइक रैली सहित विभिन्न जयंती कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती प्रतिवर्ष 16 अगस्त को मनाई जाती है। विद्यार्थियों में देशप्रेम, साहस एवं शौर्य के गुण विकसित हों तथा रानी अवंतीबाई के बलिदान को सदैव स्मरण रखा जाए, इस उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर विविध उपक्रम आयोजित करने का आह्वान किया गया है।

## चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताएं..

रानी अवंतीबाई लोधी के जीवन एवं वीरता पर आधारित चित्रकला, निबंध, भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## विविध शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियां..

रानी अवंतीबाई लोधी के शौर्य एवं बलिदान से संबंधित विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को मिलेगा प्रेरणादायी संदेश..

ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को देश के स्वतंत्रता संग्राम के वीर-वीरांगनाओं के जीवन एवं कार्यों से परिचित कराने में मदद मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों में देशप्रेम, साहस, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने को प्रोत्साहन मिलेगा।जिले में आयोजित होने वाले रानी अवंतीबाई लोधी जयंती कार्यक्रमों में नागरिकों एवं विद्यार्थियों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## जीवनकार्य एवं शौर्य पर प्रकाश..

कार्यक्रम में रानी अवंतीबाई लोधी के जीवन परिचय के साथ उनके संघर्ष, शौर्य, त्याग एवं देशभक्ति पूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा।

### स्थानिक गुन्हे शाखा ने गांजा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की..

# 8.310 किलो गांजा, जिसकी कीमत 9.42 लाख रुपये है, ज़ब्त किया गया..

**आमगांव तालुका के कुम्हारटोली-जामखारी रोड पर जाल बिछाया गया, आरोपी युवक के खिलाफNDPS कानुन के तहत केस दर्ज किया गया..**



जगप्रेरणा आमगांव।

***जिले में गैर-कानूनी अमली पदार्थ की बिक्री और यातयात पर रोक लगाने के लिए पुलिस की तरफ से चलाए जा रहे अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। स्थानीय गुन्हे शाखा की टीम ने आमगांव पुलिस स्टेशन की सीमा में छापा मारकर***

08 किला 310 ग्राम हरा गीला गांजा, स्कूल बैग, एक एंड्रॉयड मोबाइल और एक मोपेड बाइक के साथ कुल 9 लाख 42 हजार रुपये ज़ब्त किए। इस कार्रवाई से गैर-कानूनी अंमली पदार्थ तस्करों में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई 12 अगस्त, 2026 को कुम्हारटोली (आमगांव) से जामखारी रोड पर की गई। पुलिस की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, जब स्थानीय गुन्हे शाखा की टीम गैर-कानूनी धंधों के खिलाफ पेट्रोलिंग कर रही थी, तो उन्हें खुफिया और भरोसेमंद जानकारी मिली।

प्रमोद जितेंद्र लक्षणे(उम्र 26, निवासी झिलमिली, तालुका गोंदिया) को गांजा बेचने के लिए ले जाने की जानकारी मिलने के बाद, पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी की और संबंधित रास्ते पर जाल बिछा दिया।

जब पुलिस टीम इंतज़ार कर रही थी, तभी एक व्यक्ति सफेद सुजुकी बर्गमैन मोपेड पर पीठ पर स्कूल बैग और आगे एक और स्कूल बैग रखकर जामखारी से कुंभारटोली की ओर आता दिखा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे रोका और हिरासत में ले लिया। जब पंचों की मौजूदगी में दोनों बैगों की तलाशी ली गई, तो उनमें हरी पत्तियों, फूलों, बीजों, फलियों और कलियों के साथ मिला हुआ 8.310 किलो गांजा मिला।

जब्त किए गए गांजे की कीमत 8 लाख 31 हजार रुपये, दो स्कूल बैगों की अनुमानित कीमत 1 हजार रुपये, गैर-कानूनी धंधे में इस्तेमाल किए गए एंड्रॉयड मोबाइल की अनुमानित कीमत 10 हजार रुपये और सुजुकी बर्गमैन मोपेड की अनुमानित कीमत 1 लाख रुपये है। इस तरह पुलिस नेकुल 9 लाख 42 हजार रुपये कैश जब्त किया। इस मामले में आरोपी प्रमोद जितेंद्र जतारा के खिलाफआमगांव पुलिस स्टेशन मे **NDPS** कानुन के तहत केस दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे ने गोंदिया जिले में ड्रग्स की बिक्री, ट्रांसपोर्टेशन और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश के अनुसार, लोकल क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

इस कार्यवाही में सपोनि अमरदीप खाड़े, पुलिस कांस्टेबल संजय चौहान, पुलिस कांस्टेबल विठ्ठल प्रसाद ठाकरे, पुलिस कांस्टेबल दीक्षित कुमार दमाहे, पुलिस कांस्टेबल सुबोध कुमार बिसेन, पुलिस कांस्टेबल इंद्रजीत बिसेन, पुलिस कांस्टेबल सोमेंद्रसिंह तुरकर, पुलिस कांस्टेबल छगन विठाले, पुलिस कांस्टेबल हसंराज भंडारकर, ड्राइवर पुलिस कांस्टेबल राम खंडारे के साथ-साथ साइबर सेल के सपोनि देवीदास थमके, पुलिस कांस्टेबल प्रमोद सोनवाने, पुलिस कांस्टेबल योगेश राहिले और अश्विन वंजारी ने हिस्सा लिया। यह साफ़ हो गया है कि स्थानीय गुन्हे शाखा की इस असरदार कार्रवाई से ज़िले में गैर-कानूनी ड्रग्स की तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस का अभियान और तेज़ हो गया है।

### दीर्घकाल तक की गई ईमानदार सेवा का सम्मान:

# पंचायत समिति देवरी में परिचर गंगाधर फंदे के हाथों होगा ध्वजारोहण..

**सभापति अनिल बिसेन का अत्यंत सराहनीय निर्णय, पंचायत समिति के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने की प्रशंसा..**

जगप्रेरणा देवरी।

स्थानीय पंचायत समिति देवरी में इस वर्ष का 79वां स्वतंत्रता दिवस एक विशेष और ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने जा रहा है। पिछले 40 वर्षों से पंचायत समिति में परिचर (अटेंडेंट) के रूप में अत्यंत निष्ठा और ईमानदारी से सेवा देने वाले गंगाधर शिवराम फंदे के शुभ हाथों से इस वर्ष का राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। हर साल परंपरा के अनुसार पंचायत समिति के प्रांगण में सभापति के हाथों मुख्य ध्वजारोहण समारोह संपन्न होता है। लेकिन, अगले महीने गंगाधर फंदे अपनी लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने पिछले चार दशकों में जो योगदान दिया है और जिस ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन किया है, उसे ध्यान में रखते हुए पंचायत समिति के सभापति अनिल बिसेन ने खुद ध्वजारोहण करने के बजाय यह सम्मान परिचर फंदे को देने का अत्यंत हृदयस्पर्शी और ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

## बोले सभापति, पंचायत समिति अनिल बिसेन..

'एक सामान्य कर्मचारी की पीठ थपथपाना और उसकी लंबी सेवा का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। गंगाधर फंदे ने 40 वर्षों तक पंचायत समिति की दिन-रात सेवा की है। उनकी इस निष्ठा के सम्मान स्वरूप इस वर्ष ध्वजारोहण का अवसर उन्हें देने का निर्णय लिया गया है।'सभापति अनिल बिसेन के इस अनोखे और समावेशी निर्णय का पंचायत समिति के सभी सदस्यों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने तहे दिल से स्वागत किया है। किसी चतुर्थ श्रेणी (वर्ग-4) कर्मचारी को ऐसा सर्वोच्च सम्मान मिलना देवरी तहसील (तालुका) प्रशासन के इतिहास में पहली घटना है, जिसके चलते पूरे क्षेत्र और राजनीतिक गलियारों में सभापति बिसेन के इस फैसले की जमकर तारीफ हो रही है। स्वतंत्रता दिवस के इस मुख्य समारोह में तहसील के सभी जन प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

# स्व. संतोष अग्रवाल स्मृति खोजवार्ता पुरस्कार के लिए पत्रकार पवन पाथोडे का चयन..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***श्रमिक पत्रकार संघ गोंदिया की ओर से हर वर्ष लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की स्मृति में पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पत्रकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है।***

इसी उपक्रम के अंतर्गत वर्ष 2026 का स्व. संतोष अग्रवाल स्मृति खोजवार्ता पुरस्कार सालेकसा तहसील के दैनिक देशोन्नति के युवा तहसील प्रतिनिधि पत्रकार पवन शामराव पाथोडे को घोषित किया गया है। पत्रकारिता क्षेत्र में निरंतर कार्यरत रहते हुए सालेकसा तहसील के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामविकास तथा जनहित के मुद्दों को अपने समाचारों के माध्यम से उजागर करने का कार्य पत्रकार पवन पाथोडे ने किया है। ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों के नागरिकों की समस्याओं को प्रशासन के संज्ञान में लाने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक उपक्रमों एवं विकासात्मक कार्यों को अपनी पत्रकारिता के माध्यम से प्रसिद्धि देने का कार्य उन्होंने किया है। उनकी इस उल्लेखनीय पत्रकारिता का संज्ञान लेते हुए श्रमिक पत्रकार संघ गोंदिया की ओर से प्रतिष्ठित स्व. संतोष अग्रवाल स्मृति खोजवार्ता पुरस्कार 2026 घोषित किया गया है।

गोंदिया स्थित राइस मिलर्स एसोसिएशन सभागृह में आज आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों के शुभहस्ते पत्रकार पवन शामराव पाथोडे को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।




## पुराने विवाद पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 13/ 8/ 2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान अर्जुनी मोर मे फर्यादी काशीराम रामजी लंजे उम्र 58 वर्ष निवासी सिरोली अपने घर पर थे। जहा आरोपियो ने आकर पुराने विवाद पर गालीगलोच की और लकडी से सरपर मारकर जखमी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे मोरगाव अर्जुनी मे अपराध क्रमांक 341/2026 धारा 118, 1, 329, 4, 352, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा रोशन बंजार 1793 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

## मिरगी का झटका आकर गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 13/ 8/ 2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान भर्रेगाव मे विलाश प्रेमलाल दर्रो उम्र 30 वर्ष निवासी भर्रेगाव खेत मे काम करते समय उसे मिर्गी का झटका आने से वह गढढे मे गिरा, रिश्तेदारो ने उसे उठाकर ग्रामीण अस्पताल देवरी ले गये जहा डाक्टर ने जॉच कर मृत घोषीत करने से फर्यादी के बयान पर पोस्टे देवरी मे अकस्मात मौत क्रमांक 29/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच सफौ पचंद कोरडे 947 पोस्टे देवरी का रहे है।



















दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433






जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली




## सांसद राजेंद्र जैन के हाथों गोंदिया शहर में विभिन्न स्थानों पर होगा ध्वजारोहण..



**जगप्रेरणा गोंदिया।** आज 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांसद राजेंद्र जैन के हाथों गोंदिया शहर के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

ध्वजारोहण कार्यक्रमों के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद राजेन्द्र जैन सर्वप्रथम सुबह 7.30 बजे जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक मुख्यालय में ध्वजारोहण करेंगे, इसके उपरांत 8.00 बजे धोटे बंधु महाविद्यालय, 8.30 बजे श्री राजस्थान कन्या विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय (मारवाड़ी युवक मंडल), 8.45 बजे दस खोली, बजाज वार्ड चौक, 9.00 बजे शीतला माता चौक, सिविल लाइंस तथा 9.15 बजे बड़ा गौरी नगर, साकेत कॉलेज के पीछे, राजगोपाल वार्ड में ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद सुबह 9.30 बजे श्रीमती आनंदीदेवी गोपीलाल अग्रवाल इंग्लिश प्राथमिक शाला, फुलचुर, 10.00 बजे जमनालालजी बजाज प्रतिमा चौक, 10.15 बजे मजार के पास, रिंग रोड, 10.30 बजे फणीन्द्रनाथ चौक, एन.एम.डी. कॉलेज के सामने तथा 10.45 बजे राष्ट्रवादी कांग्रेस भवन, रेलटोली में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न होगा। आयोजकों ने उपरोक्त सभी ध्वजारोहण कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों से उपस्थित रहने की अपील की है।

## विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते गोंदिया शहर में अनेकों स्थान पर ध्वजारोहण..




**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनेक स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक विनोद अग्रवाल सर्वप्रथम जयस्तंभ चौक में सुबह- 06.00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके उपरांत कालेखा चौक, रेस्ट हाउस के पास सुबह- 08.15 बजे, सिंधी स्कूल परिसर में सुबह- 08.25 बजे, सिंधी स्कूल के पास शिव मंदिर परिसर में सुबह- 08.45 बजे, संजय नगर कछवाली मैदान में सुबह- 09.00 बजे, गोविंदपुर, साई बाबा चौक में सुबह- 09.15 बजे, चावली चौक में सुबह- 09.30 बजे, सिविल लाइन, त्रिमूर्ति चौक में सुबह- 09.45 बजे, अग्रसेन भवन में सुबह- 10.00 बजे, मुस्लिम मायनॉरिटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित ध्वजारोहण में सुबह- 11.00 बजे, तिरंगा रैली, आंबेडकर भवन में 11.15 बजे उपस्थित रहकर ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद विधायक विनोद अग्रवाल राइस मिल एसोसिएशन में श्रमिक पत्रकार संघ द्वारा तिलक गौरव पुरस्कार वितरण व गुणवंत विद्यार्थियों का सत्कार समारोह में दोपहर- 12.00 बजे उपस्थित रहेंगे।




## भोगतंत्र ने कर दी भारत में लोकतंत्र की हत्या, आम आदमी का नैतिक स्तर गिरता जा रहा..

### छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा अब देश जैन संतों के मार्गदर्शन में संचालित होना चाहिए..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***भले ही भारत कभी विश्व गुरु था, भले ही भारत में हज़ारों वीर राष्ट्रभक्तों ने जन्म लिया, भले ही हजारों ने कुर्बानियां देकर भारत को अंग्रेजों से मुक्त कराया और भारत में लोकतंत्र की स्थापना हुई, लेकिन धीरे धीरे भोगतंत्र ने लोकतंत्र को दीमक की तरह चाट कर लोकतंत्र की हत्या कर दी है, वास्तविक लोकतंत्र अब नीतिगत रूप से खत्म हो गया है, और यह स्थिति भारत के लिए बहुत ही दयनीय अवस्था में पहुंचा***

चुकी है, इसलिए अब भारत को विश्व गुरु बनाना है तो देश की बागडोर उन तपस्वियों के हाथों में देना होगा, जिन्हें भोग विलास आकर्षित न कर सके, बल्कि जो समूचे विश्व को राह दिखा सके, यह बात गोंदिया के वरिष्ठ समाजसेवी और राष्ट्र चिंतक छैलबिहारी अग्रवाल ने देश की मौजूदा परिस्थितियों की चिंता करते हुए कही।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि सांसद विधायक जिस देश में वेतन पर आश्रित हों, जिस देश में शराब बंदी के लिए महिलाओं को आंदोलन करना पड़ता है और सरकार जबरन शराब दुकान खुलवाने का काम करती है, जिस देश में शिक्षा में असमानता स्थापित कर भेदभाव किया जाता है और जिस देश में आरक्षण की आवश्यकता बताकर और मुफ्त खोरी की योजनाएं चलाकर शासन नीति अपनाई जाती है, वास्तव में यह बात साबित करती है कि लोकतंत्र पर भोगतंत्र ने कब्जा कर लिया है, और इस तरह की लोकतांत्रिक प्रणाली पर भारत की पुनर्स्थापना सफल होने वाली नहीं है। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि आज चुनाव होते नहीं है, बल्कि चुनाव हथियाए जा रहे हैं, देश अब सहीं हाथों में है, यह पुरे विश्वास से नहीं कहा जा सकता। आज की यह परिस्थितियां बताती है कि अब भारत और समूचे विश्व को भी भगवान महावीर के आदर्शों पर चलाए जाने की आवश्यकता है तथा देश की बागडोर जैन तपस्वियों के हाथ में देने की जरूरत हैं जिनके नेतृत्व में छोटा सा जैन समाज सबसे ज्यादा संपन्न और नीतिगत पथ पर अग्रसित समाज है।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि भगवान महावीर के पथ पर चलकर समुचे विश्व का कल्याण हो सकता है। भगवान महावीर के आदर्शों पर चलकर हिंसामुक्त विश्व का निर्माण हो सकता है, और यह सब तक होगा जब देश का संचालन भी भगवान महावीर के आदर्शों पर समर्पित तपस्वियों के हाथों में होगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज भारत जिस राह पर बढ़ चला है वहां अनीति, अन्याय, अराजकता हावी हो चली है और देश का आम नागरिक बारूद के ढेर पर पहुंच कर भी इस स्थिति का अंदाजा लगाने की स्थिति मे भी नहीं है कि वह अब किस स्थिति में है और उसका भविष्य किस तरह से अंधकार से ग्रसित होता जा रहा है, इसलिए अब देश के वे नागरिक जो देश की इस स्थिति को समझ रहे हैं, उन्हें नए नीतिगत समाधान की दिशा में विचार कर कार्य करने के लिये आगे आना होगा, अन्यथा राजनीतिक दल तो भारत को कबाड़ बनाए बिना मानने वाले नहीं है।

आज जरुरी है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम देश की वास्तविक स्थिति पर चिंतन करें, और उपायों की खोज करें।

### न्यू कराओके ग्रुप गोंदिया द्वारा

## स्वतंत्रता दिवस पर आज भव्य देशभक्ति गीतों का आयोजन..

### जयस्तंभ चौक रोकड़े ज्वेलर्स में गूंजेंगे राष्ट्रभक्ति के तराने..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 'न्यू कराओके ग्रुप' गोंदिया द्वारा आज 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के विशेष अवसर पर देशभक्ति गीत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है।***

'रोकड़े ज्वेलर्स' के सौजन्य से आयोजित यह संगीतमय कार्यक्रम जयस्तंभ चौक स्थित रोकड़े ज्वेलर्स के ऊपर बने सभागार में शाम 4:00 बजे से रात 9:00 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथी पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल व क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक में शिरकत करेंगे और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों का आनंद लेंगे।

आयोजन के दौरान न्यू कराओके ग्रुप के प्रतिभाशाली कलाकार एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। आयोजकों ने बताया कि सभागार में सीटें सीमित हैं, इसलिए दर्शक पहले से ही अपने सीट बुकिंग पास सुनिश्चित कर लें।

कार्यक्रम के सीट बुकिंग पास प्राप्त करने के लिए इच्छुक नागरिक आयोजकों में प्रकाश शर्मा (पानी वाले) से मो. 7620043024, प्रवीण हालानी कार्यक्रम चेयरमैन से उनके मो. नं. 9370907964, राजेश चौरसिया से मो. 94228 32329 एवं संजीव बापट से मो. 9922607145 पर संपर्क कर सकते हैं।

आयोजकों ने सभी संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम पूर्व सीट बुक कराने की अपील की है।

## व्यंजनो मे भी शामिल हुआ स्वतंत्रता दिवस का उत्साह..

### नन्ही बच्ची के लिये मम्मी ने बनाई तीन रंगो की इडली..



जगप्रेरणा गोंदिया।


***राष्ट्रीय पर्व जब आते हैं, तो स्कूली बच्चों में भी राष्ट्रपर्व के प्रति अलग ही उत्साह उमड़ पड़ता है। जहां स्कूलों में तीरंगा झंडा हाथ में लेकर पहुंचने का उत्साह बच्चों में नजर आता है, वहीं स्कूलों में राष्ट्रगान के***

साथ ही राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बहार भी अलग ही होती है, इसी क्रम में राष्ट्रभक्ति के पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नन्हीं बालिका के लिये मम्मी ने तीन रंगों की इडली बना दी, और व्यंजनों को भी राष्ट्रभक्ति के रंग से सराबोर कर दिया। गोंदिया शहर के पंकज साड़ी शोरुम के संचालक चीनु अजमेरा के सुपुत्र प्रणव अजमेरा की सुपुत्री प्रथा अजमेरा की पाठशाला का टिफिन भी तिरंगे की ' थीम ' में तब्दील हो गया... और हर घर तिरंगा और हर हाथ में तिरंगा मूहिम की तरह व्यंजनों में भी तिरंगा शामिल हो गया। देखने में राष्ट्रपर्व के प्रति यह अंदाज भी अलग ही निराला रहा।













स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com